NATIONAL ASSESSMENT FRAMEWORK FOR LANGUAGES AT SENIOR SECONDARY LEVEL

PUBLIC EXAMINATION

# 2001 HINDI

STUDENT/ REGISTRATION NUMBER | | | | | | | | |

CENTRE NUMBER

STATE/ TERRITORY

Pages: 10

## EXTENDED LEVEL

## Paper 1: Processing Spoken Information

**Tuesday 23 October: 2 p.m. Eastern Standard Time**

Time: 1 hour

*Approved English–Hindi/Hindi–English or monolingual dictionaries may be used.*

**Instructions to Candidates**

1. You will have 10 minutes to read all the papers and to familiarise yourself with the requirements of the tasks.
2. Write all your responses to the tasks in Paper 1 in this booklet in ink or ball-point pen. Space is provided for you to make notes.
3. You are required to respond to both Part A and Part B.
4. Part A may be answered either **ALL** in Hindi or **ALL** in English. Part B must be answered in Hindi.
5. Make sure that you write your student/registration number, State or Territory in which the examination is taken, and centre number (if required) on the front cover of this booklet.
6. All question booklets will be collected at the end of the examination.
7. The assessment criteria for this paper are printed on the back page of this booklet.

This examination is used for the HSC (New South Wales), the NTCE (Northern Territory), the SACE (South Australia), the Senior Certificate (Queensland), the TCE (Tasmania), the VCE (Victoria), and the WACE (Western Australia).

© *Victorian Curriculum and Assessment Authority 2001*

# निर्देश

इस प्रश्नपत्र में दो भाग हैं (भाग **क** और **ख**)। पहले भाग **क** का संपूर्ण उत्तर आप अंग्रेज़ी अथवा हिन्दी में दे सकते हैं। दूसरे भाग **ख** का उत्तर केवल हिन्दी में ही दिया जाना चाहिए। आपको चाहिए कि यह सूचना सुनते समय आप इस पुस्तिका में दिए गए स्थान पर नोट लिखते रहें।

## पहला भाग क : मौखिक अंशों पर आधारित कार्य

आप एक रिकॉर्ड किया हुआ अनुच्छेद सुनेंगे। तीन मिनट बाद इसे दुहराया जाएगा। उसके बाद इस अनुच्छेद पर आधारित लिखित काम को पूरा करने के लिए आपको पाँच मिनट का समय मिलेगा। अपना संपूर्ण उत्तर आप हिन्दी या अंग्रेज़ी में लिख सकते हैं।

उसके बाद आप दूसरा अनुच्छेद सुनेंगे। तीन मिनट बाद उसी को आप फिर से सुनेंगे और उस अनुच्छेद पर आधारित कार्य को भी पाँच मिनट में करना होगा। अपना संपूर्ण उत्तर आप हिन्दी या अंग्रेज़ी में लिख सकते हैं।
पहले भाग को पूरा करने के लिए ये दोनों कार्य संपूर्ण करने होंगे।
उसके बाद आपको दूसरे भाग **ख** में दिया गया काम करना चाहिए।

## दूसरा भाग ख : दोनों अनुच्छेदों पर आधारित कार्य

दूसरे भाग में दिया गया कार्य दोनों अनुच्छेदों में दी गयी सूचना पर आधारित है। इस भाग में दिया गया कार्य आपको हिन्दी में ही करना होगा। आपको उत्तर लिखते समय सहायता के लिए दोनों अनुच्छेद फिर से सुनाये जायेंगे।

***INSTRUCTIONS***

*There are two parts to this task, Part A and Part B. In Part A you may respond either ALL in English or ALL in Hindi. In Part B you must respond in Hindi.*

*Two passages of spoken information will be played to you. While you are listening to each of these you should make notes on the pages provided to help you complete both Part A and Part B.*

***Part A: Tasks on the Two Spoken Passages***

*You will hear a recorded passage. After 3 minutes the passage will be repeated. You will then have 5 minutes to complete the task based on that passage. Respond either ALL in English or ALL in Hindi.*

*You will then hear a second passage. After 3 minutes the passage will be repeated. You will then have 5 minutes to complete the task based on that passage. Respond either ALL in English or ALL in Hindi.*

*These two tasks are the requirements for Part A.*

*You should then begin working on Part B.*

***Part B: Task Drawing on Both Passages***

*Part B consists of a task based on the information in both passages. You must complete this task in Hindi. To help you, you will hear both passages again while you are working.*

## Part A: Tasks on the Two Spoken Passages CLICK HERE

पूरा उत्तर केवल हिन्दी या केवल अंग्रेज़ी में दीजिए /*Respond either ALL in Hindi or ALL in English.*

### अनुच्छेद १

पहले अनुच्छेद को सुनकर नीचे दिए गए रिक्त स्थान पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

१. संयुक्त प्रथा के तीन मुख्य लाभों की सूची बनाइए।

२. भारत में संयुक्त परिवार-प्रथा का आरम्भ कैसे हुआ?

३. बताइए कि भारत में संयुक्त-परिवार प्रथा का विघटन क्यों हो रहा है।

४. नाभिकीय परिवार के मुख्य लाभों का सारांश लिखिए।

**टिप्पणी/*Notes***

***Passage 1*** CLICK HERE

*Listen to the first passage and answer the following questions in the spaces provided below.*

1. *List three main advantages of the joint family system.*

2. *How did the joint family system start in India?*

3. *Explain why the joint family system is disintegrating in India.*

4. *Summarise the advantages of the nuclear family system.*

**टिप्पणी/*Notes***

**अनुच्छेद २**

दूसरे अनुच्छेद को सुनकर नीचे दिए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

अचला शहर की जिन्दगी से खुश नहीं है क्योंकि ______________________

______________________

पिछले सप्ताह अचला की बाहर जाने की योजना कार्यान्वित न हो सकी क्योंकि ______________________

______________________

______________________

अचला के लिए बच्चों का स्वस्थ रहना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि ______________________

______________________

अन्य सम्बन्धियों के साथ रहते हुए अचला को ______________________

______________________ ख़ूब मज़ा आता था।

अचला नए मित्र बनाने में कठिनाई महसूस करती है क्योंकि ______________________

______________________

शहर में अचला बहुत व्यस्त है क्योंकि ______________________

______________________

______________________

राजन सोचता है कि शहर में अचला को खुश होना चाहिए क्योंकि ______________________

______________________

______________________

**टिप्पणी/*Notes***

***Passage 2*** CLICK HERE

*Listen to the second passage and fill in the blank spaces below.*

*Achala is not happy with urban life because* ____________________

____________________

*Last week Achala's plans for going out were upset because* ____________________

____________________

____________________

*The health of the children is important to Achala because* ____________________

____________________

*Living with other relatives, Achala used to enjoy* ____________________

____________________

*Achala is finding it difficult to make friends because* ____________________

____________________

*In the city, Achala is very busy because* ____________________

____________________

____________________

*Rajan thinks that Achala should be happy in the city because* ____________________

____________________

____________________

**टिप्पणी/*Notes***

## Part B: Task Drawing on Both Passages

उत्तर हिन्दी में दीजिए/*Respond in Hindi.*

आपने अपनी कक्षा में एक वादविवाद प्रतियोगिता में भाग लेने का निर्णय किया है। वादविवाद प्रतियोगिता का विषय है : 'संयुक्त-परिवार नाभिकीय परिवार से अच्छा है'। आप इस विषय के पक्ष या विपक्ष में बोल सकते हैं। आपने जो रिकॉर्ड की हुई सूचना अभी सुनी है केवल उस सूचना के आधार पर इस हिन्दी में 120-150 शब्दों में अपने भाषण का आलेख तैयार कीजिए।

*You have decided to participate in a debate in your class. The topic of the debate is: 'The joint family system is better than the nuclear family system'. You may speak for or against the topic. Write the script of your speech in Hindi in 120–150 words using ONLY the information from the recorded passages.*

**टिप्पणी/*Notes***

# 2001 HINDI

## EXTENDED LEVEL

### Paper 1: Processing Spoken Information

| **Part A – Assessment Criteria** |
|---|
| • † **the capacity to select and use relevant information** |

| **Part B – Assessment Criteria** |
|---|
| • † **the capacity to select and use relevant information** |
| • **form and organisation**<br>† *observation of the conventions of the discourse form (for example, format, style, cultural appropriateness)*<br>† *linking of related ideas*<br>† *organisation of information from sources into a meaningful sequence* |
| • **effective expression**<br>† *control of the language required to complete the task (appropriateness, clarity of expression, including accuracy in the use of linguistic elements)*<br>† *degree of independence from the wording of the original information* |

**NATIONAL ASSESSMENT FRAMEWORK FOR LANGUAGES AT SENIOR SECONDARY LEVEL**

PUBLIC EXAMINATION

# 2001 HINDI

| | |
|---|---|
| STUDENT/ REGISTRATION NUMBER | |
| CENTRE NUMBER | |
| STATE/ TERRITORY | |

Pages: 11

## EXTENDED LEVEL

## Paper 2: Part A: Writing in Hindi
## Part B: Reorganising Written Information

**Tuesday 23 October**

Time: 1 hour and 30 minutes

*Approved English–Hindi/Hindi–English or monolingual dictionaries may be used.*

**Instructions to Candidates**

1. Write all your responses to the tasks in Paper 2 in this booklet in ink or ball-point pen. Space is provided for you to make notes.
2. You are required to respond to both Part A and Part B.
3. Make sure that you write your student/registration number, State or Territory in which the examination is taken, and centre number (if required) on the front cover of this booklet.
4. All question booklets will be collected at the end of the examination.
5. The assessment criteria for this paper are printed on the back page of this booklet.

This examination is used for the HSC (New South Wales), the NTCE (Northern Territory), the SACE (South Australia), the Senior Certificate (Queensland), the TCE (Tasmania), the VCE (Victoria), and the WACE (Western Australia).

© *Victorian Curriculum and Assessment Authority 2001*

**टिप्पणी/*Notes***

## Part A: Writing in Hindi

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर १५०-२०० शब्दों का एक लेख हिन्दी में लिखिए।

*Choose ONE of the following tasks and complete it, writing about 150–200 words in Hindi.*

1. आपको अभी-अभी फ़ीजी से अपने भाई का पत्र मिला है जिसमें उसने लिखा है कि वह पढ़ाई छोड़ कर एक बैंड का सदस्य बनना चाहता है। उसको अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए पत्र लिखिए।

2. आपने हाल ही एक में रोचक फ़िल्म देखी है । अपने विद्यालय के समाचार-पत्र के लिए इस फ़िल्म की समीक्षा लिखिए जिसमें इसके विशेष गुणों का मूल्यांकन कीजिए और इसकी रोचकता के कारण बताइए।

3. आपका कॉलेज ऑस्ट्रेलिया में मनाए जाने वाले "वरिष्ठ नागरिक दिवस" में भाग ले रहा है। वयोवृद्ध नागरिकों के प्रति हमारे समाज में कैसा व्यवहार होता है और इसे कैसे सुधारा जा सकता है इस विषय पर अपने विद्यालय की पत्रिका के लिए एक सूचनात्मक लेख लिखिए।

4. हिन्दी में किशोर खेल प्रेमियों के लिए एक वैब साइट निकली है। इस वैब साइट पर प्रकाशन के लिए, एक खेल प्रतियोगिता, जो आपने देखी हो और जो आपको प्रेरणात्मक लगी हो, उसका आँखों-देखा हाल वर्णन कीजिए और इसके बारे में अपने व्यक्तिगत विचार लिखिए।

5. अपने कॉलेज के पर्यावरण-क्लब के सदस्य के रूप में, कालेज में भाषण देने के लिए एक आलेख लिखिए। इसमें पर्यावरण सम्बन्धी एक ऐसे महत्वपूर्ण विषय का मूल्यांकन कीजिए जो आपके कालेज-समुदाय के लिए चिन्ताजनक हो।

6. आप अपने परिवार के साथ चिदम्बरम मन्दिर (नीचे चित्रित) देखने गए। उस समय वहाँ एक फ़िल्म की शूटिंग हो रही थी और तमाशा देखने वालों की बहुत भीड़ थी। अचानक एक यात्री चिल्लाने लगा कि किसी ने उसके बैग से उसका पर्स और पासपोर्ट चुरा लिया है। इस घटना के आधार पर एक स्कूल-प्रतियोगिता के लिए एक लघु कहानी लिखिए।



चिदम्बरम मंदिर में नाचते हुए कमलिनी-कमलिनी
(इंडिया पर्सपेक्टिव, जुलाई २००० का पिछला आवरण पृष्ठ)

प्रश्न संख्या/*Task No.*:

## Part B: Reorganising Written Information

आपको लिखित तथा चित्रित सूचना के कुछ अंश दिए गए हैं। केवल इस लिखित तथा चित्रित सूचना का उपयोग करते हुए निम्नलिखित कार्य को १२० से १५० शब्दों में हिन्दी में पूरा कीजिए।

एक पत्रकार के रूप में आप कम्प्यूटर-प्राद्योगिकी के विकास पर शोध करते रहे हैं। एक कम्प्यूटर पत्रिका के लिए इस विषय का मूल्यांकन करते हुए भारत में कम्प्यूटर-उपयोग के लाभ और हानियों पर एक रिपोर्ट लिखिए।

*You have different items of written and visual information. Using ONLY information from the written and visual material provided, complete the task in Hindi in 120–150 words.*

*As a journalist, you have been researching the development of computer technology. Write an evaluative report on the advantages and disadvantages of computer usage in India.*

**टिप्पणी/*Notes***

*Text 1*

**भारत में कम्प्यूटर**

प्रिय संपादक महोदय,

27 मार्च 2000 को आपके समाचार-पत्र में यह सूचना छपी थी कि भारत-सरकार कम्प्यूटरों पर टैक्स कम करने जा रही है। मुझे इस समाचार को पढ़कर ही यह पत्र लिखने की प्रेरणा मिली।

मेरे विचार में भारत की जनसंख्या को देखते हुए यहाँ कम्प्यूटरों के उपयोग पर नियन्त्रण होना चाहिए, नहीं तो बेरोज़गारी महामारी का रूप ले लेगी। शायद इसके लिए कम्प्यूटर के दाम बढ़ाने पड़ेंगे, उनमें कमी तो हर्गिज नहीं होनी चाहिए। अन्य देशों में जहाँ कहीं भी कम्प्यूटर का उपयोग बढ़ा है, उदाहरण के लिए बैंकों में, वहाँ बैंकों की अनेक शाखाएँ बन्द कर दी गई हैं और बेरोज़गारी बढ़ गई है। वे लोग कम्प्यूटर क्यों खरीदें जब ये मशीनें उनकी जीविका जोखिम में डालती हैं। मनुष्य की सबसे पहली ज़रूरत भोजन है। जब पेट भरा होगा तभी व्यक्ति का ध्यान कम्प्यूटर या अन्य किसी और चीज़ की ओर जाएगा। कम्प्यूटर कभी रोटी की जगह नहीं ले सकता। मैं जानती हूँ कि भारत के धनी और सौभाग्यशाली लोग कहते हैं कि भारत को आगे बढ़ना हो तो सरकार को कम्प्यूटर आदि उपकरणों पर छूट देनी ही पड़ेगी। और उनका यह कहना कुछ हद तक सच भी है कि आज के युग में बाक़ी दुनिया के साथ क़दम से क़दम मिलाकर चलना बहुत ज़रूरी हो गया है। इस दौड़ में यदि हम पीछे रह गए तो हमारी भावी पीढ़ी हमें कभी माफ़ नहीं करेगी। किंतु आज भी कम्प्यूटर सबके लिए ज़रूरी चीज़ नहीं है। जिनके पास रोटी नहीं वे क्या कम्प्यूटर खायेंगे?

मेरे विचार में भारत की पहली ज़रूरत है कि देश के सभी लोगों को रोटी और रोज़गार मिले, उनके बच्चों की प्राथमिक शिक्षा का प्रबंध किया जाए जिससे वे बाल-मज़दूरी करने को विवश न हों। सरकार को पहले देश के सभी लोगों को शिक्षित बनने का अवसर देना चाहिए। उस के बाद ही सरकार को कम्प्यूटरों का दाम कम करने की सोचनी चाहिए। कम्प्यूटरों से अभी साधारण व्यक्ति को कोई लाभ नहीं, उल्टे कई नुक्सान हैं। उदाहरण के लिए कई लोगों पर कम्प्यूटर का ऐसा नशा चढ़ जाता है कि वे खाना-पीना तक भूल कर घंटों कम्प्यूटर के सामने बैठे रहते हैं। इससे उनके हाथ, पाँव, गरदन और आँखों में दर्द जैसी गंभीर बीमारियाँ होती हैं। इसलिए इस बात पर सोच-विचार करना अत्यावश्यक है और राजनीतिज्ञों को यह बात मनवाने के लिए कि कम्प्यूटरों पर टैक्स कम न किए जाएँ एक योजना कार्यान्वित करने की आवश्यकता है। इस योजना को कार्यान्वित करके मेरे पत्र का समर्थन कीजिए।

भवदीय
रमेश चन्द्र

*Text 2*

# कम्प्यूटर की सदी और भारत

**लेखक - यांत्रिक**

राजीव गाँधी ने जब यह दावा किया कि कम्प्यूटरों का चलन करके भारत को एक झटके से 21वीं सदी में पहुँचा दिया जाएगा तो अनेक पत्रकारों ने उनका बहुत मज़ाक उड़ाया। पर लगभग बीस साल के बाद अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भारत इसीलिए आए थे क्योंकि भारत अमेरिका के लिए कम्प्यूटर विशेषज्ञों का महत्वपूर्ण स्रोत बन गया है। अमरीकी कंपनियों का कम्प्यूटर से जुड़ा हुआ बहुत सारा काम अब भारत में होता है और सॉफ़्टवेयर बनाने के मामले में अमरीका के बाद भारत का ही स्थान है। अनेक अन्य विदेशी नेता भी इसी कारण भारत आ रहे हैं।


अमरीका में भारतीय कम्प्यूटर इंजीनियर बहुत बड़ी संख्या में पहुँच गए हैं। बिल गेट्स ने भी भारतीय कम्प्यूटर विशेषज्ञों के महत्व के बारे में अमरीकी नेताओं से बातचीत की है। जर्मनी भी भारत से बड़ी संख्या में कम्प्यूटर इंजीनियरों का आयात करना चाहता है। तो इसमें कोई संदेह नहीं कि आज की दुनिया में भारत की पूछ कम्प्यूटरों के कारण होने लगी है।

इक्कीसवीं सदी में मानव-सभ्यता पूरी तरह से कम्प्यूटर से चलने वाली है। कम्प्यूटर मानवीय सभ्यता को वैसे ही निर्णायक मोड़ पर ले आया है जैसे भाप का इंजन उसे लाया था। भाप के इंजन की तरह कम्प्यूटर भी एक ऐसा आविष्कार है जो हमारे रहन-सहन को पूरी तरह से बदल सकता है। कम्प्यूटरों को बढ़ावा देने के कारण ही भारत कंप्यूटर की दुनिया में इतना महत्वपूर्ण स्थान बना पाया है। इसका कारण है कि कुछ प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका जाकर अपने कम्प्यूटर के ज्ञान से बहुत पैसा कमाया और इस पैसे का बहुत थोड़ा हिस्सा लगाकर उन्होंने भारत में नयी संस्थाएँ खोलीं जिससे नयी पीढ़ी को कंप्यूटरों के बारे में सीखने की सुविधा मिली। सरकार ने भी लोगों को कम्प्यूटर सीखने के लिए अनेक सुविधाएँ दी हैं। इस तरह की कई बातों से दस साल में ही भारत का नक्शा बदल गया है।

हम देख सकते हैं कि आधुनिक अर्थ-व्यवस्था बहुत जटिल है और इसमें बुद्धि का भी उतना ही महत्व जितना पूँजी का। अमेरिका के पास पूँजी है जिससे उसने बुद्धिमान लोगों को दूसरे देशों से अमेरिका में बसने को बुलाया है। इसी से अमेरिका इतने आगे बढ़ पाया है। अभी तक हमें यह चिन्ता होती थी कि कंप्यूटर सीख कर शिक्षित लोग विदेशों में बस जाएँगे, पर अमेरिका में बसे भारतीय कंप्यूटर-इंजीनियरों ने भारत में जो संस्थाएँ खोली हैं उनको देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत को ब्रेन-ड्रेन की बहुत चिन्ता नहीं करनी चाहिए। हमें यह कोशिश करनी चाहिए कि भारतीय लोग चाहे कहीं भी बसें, उन्हें अपने देश और बिरादरी की याद दिलायी जाती रहे। इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि हमारे देशवासी कहाँ रहते हैं। फ़र्क सिर्फ़ इसी से पड़ता है कि वे विश्व की अर्थव्यवस्था में कितने महत्वपूर्ण हैं। हमें लोगों को कम्प्यूटर विद्या बहुत बड़े पैमाने पर सिखानी होगी। इससे भारत में विदेशों से पूँजी आएगी और हमारी अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। अच्छी अर्थव्यवस्था होने से सभी को लाभ होगा, गरीबों को भी रोज़गार मिलने की संभावनाएँ बढ़ेंगी।

*Text 3*

## भारत से सॉफ्टवेयर निर्यात




| **वर्ष** | **निर्यात की राशि** |
|---|---|
| १९९३ | ४ करोड़ रुपए |
| १९९७-९८ | १० करोड़ रुपए |
| १९९८-१९९९ | ६० करोड़ रुपए |
| १९९९-२००० | १२० करोड़ रुपए (पूर्वानुमान) |

(इंडिया पर्सपेक्टिव्ज़, अप्रैल 2000, पृ० 2)

# 2001 HINDI

## EXTENDED LEVEL

**Paper 2: Part A: Writing in Hindi**
**Part B: Reorganising Written Information**

| Part A – Assessment Criteria |
|---|
| • **the capacity to deal with the chosen topic**<br>† *breadth of treatment*<br>† *suitability of the writing for the topic and/or purpose*<br>† *maintenance of the reader's interest* |
| • **form and organisation**<br>† *observation of the conventions of the discourse form (style, sequencing, cultural appropriateness) and specifications regarding length*<br>† *organisation of content* |
| • **clarity of expression**<br>† *control of the language required by the topics, including accuracy in the use of linguistic elements* |
| • **variety and appropriateness of vocabulary and sentence structuring**<br>† *range of vocabulary*<br>† *variety in sentence structure*<br>† *appropriateness of vocabulary and sentence structure* |

| Part B – Assessment Criteria |
|---|
| • † **the capacity to select and use relevant information** |
| • **form and organisation**<br>† *observation of the conventions of the discourse form (for example, format, style, cultural appropriateness)*<br>† *linking of related ideas*<br>† *organisation of information from sources into a meaningful sequence* |
| • **effective expression**<br>† *control of the language required to complete the task (appropriateness, clarity of expression, including accuracy in the use of linguistic elements)*<br>† *degree of independence from the wording of the original information* |

NATIONAL ASSESSMENT FRAMEWORK FOR LANGUAGES AT SENIOR SECONDARY LEVEL

PUBLIC EXAMINATION

# 2001 HINDI

STUDENT/ REGISTRATION NUMBER

CENTRE NUMBER

STATE/ TERRITORY

Pages: 6

## EXTENDED LEVEL

## Paper 3: Discussing a Theme

**Tuesday 23 October**

Time: 30 minutes

*Approved English–Hindi/Hindi–English or monolingual dictionaries may be used.*

**Instructions to Candidates**

1. Write your response to the task in Paper 3 in this booklet in ink or ball-point pen. Space is provided for you to make notes.
2. Make sure that you write your student/registration number, State or Territory in which the examination is taken, and centre number (if required) on the front cover of this booklet.
3. Candidates in South Australia and the Northern Territory must respond in English.
4. All question booklets will be collected at the end of the examination.
5. The assessment criteria for this paper are printed on the back page of this booklet.

This examination is used for the HSC (New South Wales), the NTCE (Northern Territory), the SACE (South Australia), the Senior Certificate (Queensland), the TCE (Tasmania), the VCE (Victoria), and the WACE (Western Australia).

© *Victorian Curriculum and Assessment Authority 2001*

## Discussing a Theme

निम्नलिखित विषयों में से केवल एक विषय पर कम से कम २५० शब्दों का उत्तर चाहे हिन्दी या अँग्रेज़ी में लिखिए। साउथ ऑस्ट्रेलिया तथा नार्दन टेरीटरी के विद्यार्थियों को उत्तर केवल अँग्रेज़ी में ही लिखना है। आपका उत्तर उन रचनाओं पर आधारित होना चाहिए जिनका आपने इस वर्ष अध्ययन किया हो। अपने उत्तर में आपको कम से कम एक लिखित रचना तथा एक मौखिक अथवा दो लिखित संदर्भों का उल्लेख करना चाहिए। इन संदर्भों के नाम नीचे दिए गए स्थान पर लिखिए।

*Choose ONE of the following tasks (from ONE theme only) and write a response of a minimum of 250 words in either English or Hindi. CANDIDATES IN SOUTH AUSTRALIA AND THE NORTHERN TERRITORY MUST RESPOND IN ENGLISH. Your response should be based on resources you have studied through the year, and you must refer to either one written resource and one oral resource, or two written resources, in your answer. List these resources in the space provided.*

### भारतीय समाज में नारी का स्थान/*Role of women in Indian society*

1. एक स्थानीय रेडियो स्टेशन के युवा कार्यक्रम ने आपसे एक वार्ता प्रस्तुत करने के लिए कहा है जिसमें भारतीय नारी की स्थिति सुधारने में शिक्षा के योगदान के विषय पर विचार-विमर्श किया गया हो। इस वार्ता का आलेख लिखिए। आपने जो दो संदर्भ इस वर्ष पढ़े हों उनके आधार पर अपना उत्तर लिखिए।

   *A local radio station has asked you to give a talk for its youth program to discuss the role of education in improving the status of Indian women. Write the text of this talk. Base your response on the two resources that you have studied during the year.*

**अथवा/*OR***

2. अपनी स्कूल पत्रिका के मातृ-दिवस विशेषांक के लिए "भारतीय समाज में मातृत्व का स्थान" विषय पर एक लेख लिखिए। आपने जो दो संदर्भ इस वर्ष पढ़े हों उनके आधार पर अपना उत्तर लिखिए।

   *Write an article, entitled 'The place of motherhood in Indian society', for a special Mother's Day issue of the school magazine. Base your response on the two resources that you have studied during the year.*

**अथवा/*OR***

**भारतीय त्यौहार**/***Festivals of India***

3. आपका स्कूल समाचार-पत्र बहुसांस्कृतीय सप्ताह के लिए एक विशेषांक निकाल रहा है जो विश्व की विभिन्न परम्पराओं और त्योहारों पर केन्द्रित होगा। आपने दीपावली त्योहार और भारतीय संस्कृति के लिए इसके महत्व के बारे में लिखने का निश्चय किया है। दीपावली त्योहार पर एक लेख लिखिए। आपने जो दो संदर्भ इस वर्ष पढ़े हों उनके आधार पर अपना उत्तर लिखिए।

   *Your school newspaper is publishing a special multicultural week edition that focuses on traditions and festivals throughout the world. You have chosen to describe the Deepawali festival and its significance for Indian culture. Write an article about the Deepawali festival. Base your response on the two resources that you have studied during the year.*

**अथवा/*OR***

4. अपने पत्र-मित्र को एक पत्र लिखिए जिसमें एक भारतीय त्योहार का वर्णन कीजिए। इस पत्र में बताइए कि इस त्योहार का आरम्भ कैसे हुआ और आप तथा आपका परिवार ऑस्ट्रेलिया में इसे कैसे मनाते हैं और भारत और ऑस्ट्रेलिया में इस त्योहार के मनाए जाने में क्या अंतर है। आपने जो दो संदर्भ इस वर्ष पढ़े हों उनके आधार पर अपना उत्तर लिखिए।

   *Write a letter to a pen friend in which you describe the origins of an Indian festival, how you and your family celebrates this festival in Australia, and outline how these celebrations differ from the way the same festival is celebrated in India. Base your response on the two resources that you have studied during the year.*

**टिप्पणी/*Notes***

प्रश्न संख्या/*Task No.:*

निम्नलिखित संदर्भों का उल्लेख किया गया है/*The resources referred to are:*

# 2001 HINDI

## EXTENDED LEVEL

## Paper 3: Discussing a Theme

| Assessment Criteria |
| --- |
| • understanding and appreciation of the works<br>• depth of treatment<br>• content relevant to the demands of the task<br>• appropriate and effective use of structure<br>• accuracy and variety of language use |